www.asrc.org.au

Asylum Seeker Resource Centre
ABN 64114965815 • Incorporation No: A0042918
12 Batman Street, West Melbourne
Victoria 3003, Australia
t: 03 9326 6066
f: 03 9326 5199

स्वागतम

"असायलम सीकर रिसोर्स सेंटर" (शरण-इच्छुक संसाधन केन्द्र) में आपका स्वागत है। हम एक स्वतंत्र मानवाधिकार संस्था हैं। हम सरकार के लिये काम नही करते। हमारी सहायता नि:शुल्क है। हम ऑस्ट्रेलिया में शरण मांगने वाले लोगों के मानवाधिकारों की रक्षा और अनुमोदन के लिये कार्य करते हैं। हम मानते हैं कि सभी लोग स्वतंत्र हों।

हम किन की सहायता करते हैं

हम शरण मांगने वालों की सहायता करते हैं। शरण-इच्छुक वह व्यक्ति है जिसे:

- अपने देश को छोड़ना पड़ गया हो क्योंकि वहाँ रहना बहुत खतरनाक है: और
- जो अपने देश में खतरे में है क्योंकि उन्हें अपने राजनैतिक विचारों, धर्म, जाति, राष्ट्रीयता या सामाजिक गुट के कारण गंभीर क्षति हो रही हो या गंभीर क्षति होने का खतरा हो; और
- उनकी सरकार उस गंभीर क्षति से उनकी रक्षा नही कर पाती हो या नही करती हो।

हम आपकी सहायता कैसे कर सकते हैं

यह सिद्ध करना कि आप ऑस्ट्रेलिया में शरणार्थी हैं आसान नही है। हम आपको इस बारे में खरी नि:शुल्क कानूनी सलाह देंगे कि क्या आपको शरणार्थी के रुप में स्वीकार किये जाने कि कोई संभावना है। यदि हम सोचते हैं कि यह संभव है कि आपको शरणार्थी मान लिया जायेगा तो हम आपकी सहायता करेंगे। हम जानते हैं कि कोई भी कोई भी शरण-इच्छुक होने का चुनाव नही करता है और इसलिये कठिन घड़ी में हर संभव सहायता करने के लिये हम तत्पर हैं।

हम आपको कानूनी सलाह, चिकित्सा-सेवा, दवाईयाँ, बच्चों के नैपकिन, दैनिक पौष्टिक लंच, भोजन के पैकेट, मनोरंजन, परामर्श, संकट-सहायता, अंग्रेजी कक्षायें, मेलबर्न से अनुकूलन और वहाँ स्थापित करने से लेकर आपको कामकाज ढूँढने में मदद के लिये भरसक प्रयास करेंगे। आप जो कुछ भी हमें बतायेंगे वह गोपनीय रहेगा और आप हमारे केन्द्र में सुरक्षित होंगे।

हमें कैसे ढूँढें

अगर आप शरण-इच्छुक हैं और मेलबर्न में हैं तो आप हमारे केन्द्र में सहायता के लिये सोमवार से शुक्रवार प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक स्वयं आ सकते हैं। हम 12 बैटमैन स्ट्रीट, वेस्ट मेलबर्न में स्थित हैं। आप ऊपर दिये समय पर (03) 9326 6066 पर सहायता के लिये हमें फ़ोन भी कर सकते हैं।

आप निम्नलिखित साधनों द्वारा "असायलम सीकर रिसोर्स सेंटर" तक पहुँच सकते हैं

हम किंग स्ट्रीट और बैटमैन स्ट्रीट के किनारे पर फ़्लैगस्टाफ़ गार्डन्स के सामने स्थित हैं।

- आप सिटी में फ़्लैगस्टाफ़ या सदर्न-क्रॉस रेलवे स्टेशनों से पैदल केवल पाँच मिनटों में पहुँच सकते हैं।
- आप सिटी में सिटी-सर्किल ट्रैम पकड़ कर ला-ट्रोब स्ट्रीट और किंग स्ट्रीट के किनारे पर उतर सकते हैं और वहाँ से पैदल दो मिनटों में पहुँच सकते हैं।

अगर आप मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया, में नहीं हैं तो क्या करें?

हम केवल उन्ही शरण मांगने वालों की सहायता करते हैं जो मेलबर्न में हैं। यदि आप किसी अन्य राज्य में हैं तो आपसे निकटतम सेवा को ढूँढने के लिये नीचे दिये लिंक पर क्लिक करें।

http://www.asrc.org.au/media/documents/asrc-resource-directory.pdf

अगर आप ऑस्ट्रेलिया से बाहर हैं तो विश्व के विभिन्न देशों में शरण मांगने के लिये आवेदन करने की सूचना के लिये नीचे दिये लिंक पर क्लिक करें:

http://www.asylumlaw.org/asylumseeker

दो पृष्ठों का द्वितीय पृष्ठ